Title: Need to set up industris in Bhojpur and adjoining districts in Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया जहानाबाद और पटना जिला का पालीगंज अनुमंडल का दुल्हीन बाजार, पालीगंज और मसौढ़ी प्रखंड उग्रवाद की चपेट में आ गया है। कारण-उद्योग विहीन इलाका है। इन जिलों के हजारों की संख्या में पढ़े-लिखे नौजवान बेरोजगार हैं। इनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। खेतिहर मजदूर भी बेकार हैं। विवश और लाचार होकर ये लोग समाज की मुख्य धारा से कट रहे हैं और असामाजिक संगठनों के साथ जुड़ रहे हैं। कृाि की हालत भी ठीक नहीं है।

अतः श्रीमान् के माध्यम से मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इन जिलों में यथाशीघ्र छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना की जाए ताकि विवश और लाचार लोगों को रोजगार मिल सके और ये लोग समाज की मुख्य धारा में लौट सकें।